दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रयास और एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा स्थगित

**रायगढ़ ।** प्रदेश में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास और एकलव्य आवासीय विद्यालयों में 14 और 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभागए रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा की आगामी तिथि निर्धारित होने पर पृथक से इसकी सूचना दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए 16 जुलाई को परीक्षा आयोजित होने वाली थी। प्रवेश परीक्षा को आगामी आदेश पर्यन्त तक स्थगित कर दिया गया है।

### ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील

**रायपुर।** राजधानी में रविवार को वीआईपी रोड स्थित एक होटल में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर के एससी, एसटी, और ओबीसी , अल्प संख्यक वर्ग से जुड़े सभी समाज के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में 27 प्रतिषत ओबीसी आरक्षण की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का निर्णय लिया गया, ओबीसी वर्ग की जनसंख्या का जातिगत जनगणना, सभी संगठन का समन्वय समिति, निगम मंडल आयोग में मिले आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर चर्चा किया। सर्व समाज महासभा का प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी को सर्वसम्मति से बनाया गया। वहीं संगठन का विस्तार करने को लेकर सभी समाज के पदाधिकारियों को महासभा का सदस्य बनाया गया। संगठन के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। ओम प्रकाश वर्मा, सुरेश दिवाकर, महेश साहू, प्रसाद लोधी, रुद्र कुमार वर्मा, बीपी सोरी, इस मौके पर विजय जायसवाल कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारी अध्यक्ष केआर शाह और क्रांति साहू , आरके जांगडे, फैज़ल रिजवी, गिरधर मढ़ारिया, को बनाया गया है।

### छात्रावास के सभी छात्र-छात्राओं को डाटा बेस तैयार करे-कलेक्टर

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ एस. भारतीदासन ने आज सुबह शहर के टिकरापारा, कालीबाड़ी, पेंशनबाडा, शंकर नगर और रायपुरा स्थित अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवासों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रवासों में रहने वाले सभी छात्र-छात्राओं का पूर्ण जानकारी संधारित करने के निर्देश दिए।छात्रों की इस जानकारी के आधार पर ही यह पता चलेगा कि कितने बच्चे छात्रावास से निकलेंगे और कितने को आगामी वर्ष के लिए प्रवेश दिया जा सकेगा।छात्रवासों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।कालीबाड़ी छात्रावास के निरीक्षण के दौरान खाली जगह पर भवन बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।इसी तरह शंकर नगर के छात्रावास में बन रहे अतिरिक्त कक्ष को आगामी 2 महीने में पूरा करने कहा।

### पचेड़ा में मिला कोरोना पॉजिटिव

**रायपुर।** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार जिला रायपुर में विकासखण्ड अभनपुर अंतर्गत रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ग्राम पचेड़ा, अभनपुर में 01 नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के फ्लस्वरुप उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर ने पश्चिम में पचेड़ा जाने का कच्ची सड़क, उत्तर में रावतपुरा सरकार का नर्सिंग कॉलेज एवं रायपुर थनोद जाने का पक्की सड़क, दक्षिण में रावतपुरा सरकार का वर्कशॉप कालेज एवं खसरा नंबर 1564 घास भूमि और पूर्व में रावतपुरा कॉलेज का मुख्य द्वार जाने का रास्ता एवं प्रहलाद पवन का कृषि भूमि को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। इस कन्टेनमेंट जोन में प्रवेश अथवा निकास हेतु केवल 01 द्वार होगा। जिसमें तैनात पुलिस अधिकारी, फिजिकल डिस्टेंसिग सुनिश्चित करते हुए मेडिकल इमरजेंसी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेतु आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों का विवरण एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। कन्टेनमेंट जोन अंतर्गत सभी दुकानें, ऑफिस एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त पूर्णतः बंद रहेंगें। प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेनमेंट जोन में होम डिलीवरी के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी।

## दो दिनों में 26 लोगों को मिला काम

# प्लेसमेंट कैम्प लगाकर प्रवासी श्रमिकों के लिए किया जा रहा है रोजगार का प्रबंध

**न्यायसाक्षी / रायगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार कोरोना संकट के बीच अपने गृह राज्य लौटे प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर श्री भीम सिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों से समन्वय कर श्रमिकों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए रोजगार विभाग द्वारा प्लेसमेंट कैम्प भी लगाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से इन इकाईयों में कुशल व अकुशल श्रमिक के रूप में 26 लोगों को रोजगार मिला।

मिली जानकारी अनुसार आज रायगढ़ विकासखंड के जामगांव में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से एमएसपी स्टील में 12 लोगों को तथा गत दिवस आयोजित कैम्प में सदगुरू इस्पात में 08ए अजय रोलिंग मिल में 06 लोगों को अपॉइंटमेंट दिया गया। पूर्व में ही 06 श्रमिक विभिन्न संस्थानों में कार्य करना प्रारंभ कर चुके हैं।






जिला पंचायतए उद्योग और रोजगार विभाग आपसी समन्वय से वापस लौटे लोगों को काम उपलब्ध करवाने हेतु कार्य कर रहे हैं। क्वारेंटीन सेंटर्स में निवासरत लोगों की जनपद पंचायत के माध्यम से स्किल मैपिंग कर जानकारी जिला पंचायत के माध्यम से उद्योग व रोजगार विभाग के साथ साझा की जा रही है।

उक्त जानकारी के आधार पर जिले में संचालित उद्योगों में रोजगार के अवसर तलाश कर जरूरतमंदों को काम मुहैया करवाने का कार्य उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है।

जिसमें से मुख्यतरू राज मिस्त्रीए इलेक्ट्रीकलए मेक्निकलए वेल्डरए फिटर सुपरवाईजरए इंजीनियरए टेलरए ड्राईवर एवं अकुशल श्रमिक शामिल है। जिले के औद्योगिक इकाईयों में प्रवासी श्रमिकों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत है।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन





**लैलूंगा ।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर पूरे भारतवर्ष में 5 जुलाई को मनाया गया यहां पर महर्षि वेदव्यास के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है जी जिन्होंने ब्रह्म सूत्र महाभारत श्रीमद्भागवत अठारह पुराणों जैसे अद्भुत धार्मिक साहित्य की रचना की है इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरुओं और बड़ों का पूजन कर आशीर्वाद लिया जाता है और उन्हें सम्मान देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है इस परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी हमारे डीएवी विद्यालय के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें छात्रों द्वारा ड्राईइंग प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता हिंदी अंग्रेजी मैं छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता भी कराया गया वही ऑनलाइन प्रतियोगिता से छात्र काफी उत्साहित एवं प्रसन्न थे सभी ने अपना रुचि एवं प्रदर्शन दिखाते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन किया आपको बता दें कि भाषण ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों को जिसमें प्रतिभागी छात्रों का नाम शिवांश अवस्थी कुमकुम पैंकरा भूति विश्वास तान्या प्रधान लताबाई का पीयूष प्रधान सुरभि पटेल प्रकृति सतना सिन्हा योगेश घोगरे तुषार निगानिया निबंध प्रतियोगिता में दीपा गुप्ता वर्शा गुप्ता क्रमश प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं तथा ड्राइंग प्रतियोगिता में कार्तिक साई बालाजी व शिवानी बिसवाल क्रमसः प्रथम एवं तीसरे स्थान प्राप्त किए हैं सभी छात्रों ने यहां प्रस्तुति ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से संपन्न किए जिसमें गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए अपने गुरुजन का सम्मान किया तथा भाव वंदना पूर्ण सुंदर विचारों से भाव अभिव्यक्त किए छात्रों के यहां प्रस्तुतीकरण प्रशंसनीय योग्य रहा लगातार इसी तरह डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कुंजारा द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं कराए जाते हैं

## शिक्षकों ने पेंशन बहाली की मांग को चलाया वृक्षारोपण

### सामंजस्य करके चलना होगा- मंत्री उमेश पटेल

**रायगढ़ ।** प्रकृति के साथ हमें सामंजस्य करके चलना होगा क्योंकि प्रकृति के सामने मनुष्य की शक्ति बहुत कम होती है और यदि हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हैं तो इसका भयावह स्वरूप हमें देखने को मिलता है शिक्षकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में वृक्षारोपण की विशेष अभियान के लिए शुभकामना प्रदान करते हैं जब शिक्षक किसी काम को करने का संकल्प लेते हैं तो उसमें सफलता जरूर मिलती है क्योंकि लोग शिक्षकों के बातों को गंभीरता से लेते हैं। उक्त बातें प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने रायगढ़ में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन एवं शिक्षकों के मंच द्वारा आयोजित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं।

### बरगदए पीपल लगाने लोगो को करें प्रेरित. प्रकाश नायक

रायगढ़ के विधायक प्रकाश नायक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षक ग्रामीण अंचल में लोगों को बरगद और पीपल जैसे लंबे समय तक रहने वाले पौधे लगाने का



अभियान चलाकर लोगों को प्रेरणा दें क्योंकि एक एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के माध्यम से ग्रामीणों को पौधा लगाने हेतु प्रेरित कर वृक्षारोपण को विस्तृत रूप दे सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने भी अपने उद्बोधन में शिक्षकों द्वारा अपनी पुरानी पेंशन मांग के अभियान को वृक्षारोपण के साथ मुहिम चलाने की सराहना करते हुए शिक्षकों के पर्यावरण जागरूकता हेतु सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की ।

### कार्यक्रम में इनकी भी रही विषेश उपस्थिति

कार्यक्रम में रायगढ़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी मुकेश मित्तल कालोनेरियाए सेवानिवृत्त शिक्षक एवं दत्तक पुत्री शिक्षा योजना के संचालक भरत लाल साहू ए कर्मचारी नेता राजीव रत्न चौबे तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश पटेल शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भोजराम पटेलए प्राध्यापक आरण्केण्बारीक सहित विभिन्न विकास खंडों से आए हुए शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षकों की ओर से नेतराम साहू द्वारा कर्मचारी भवन के लिए विधायक एवं मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया जिस पर भविष्य में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन भी उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल द्वारा दिया गया ।

मंत्री उमेश पटेल ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि पर्यावरण संरक्षण और लोगों को वृक्षारोपण का महत्व बताने के लिए हमने दिनचर्या में ग्रीनचर्या अभियान युवाओं के सहयोग से प्रारंभ किया है जिसे सभी का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। अभियान में हमारे युवा कार्यकर्ता लोकेश साहूए विकास पांडेयए विक्रम चौहानए अनमोल अग्रवालए सन्यासी किसानए उमेश शर्माए इत्यादि उत्साही युवाओं की विशेष भागीदारी है । मैं आग्रह करूंगा कि आप सभी इस अभियान में जुड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी भूमिका निभाए। मंत्री उमेश पटेल द्वारा दिनचर्या में ग्रीनचर्या अभियान से जुड़े युवाओं की तारी? से कार्यकर्ताओं में और अधिक उत्साह के साथ काम करने की भावना जागृत हुई और वे भारी प्रफुल्लित थे।

विदित हो कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को एक अभियान का स्वरूप देते हुए शिक्षकों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए एक पेड़ ;एक पेड़ पेंशन के नाम काद्ध मुहिम चलाया जा रहा है इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले एवं पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नेतराम साहू के संयोजन एवं भोजराम पटेल के सहभागिता में रायगढ़ में मरीन ड्राइव रोड पर 12 जुलाई को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बारिश और विपरीत मौसम के बावजूद छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में डे? सौ से अधिक पौधे लगाकर बकायदा ट्रीगार्ड सहित सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

**सफलता की कहानी**

## बिहान की दीदियां बांस और मोतियों से बना रही हैं खास राखी

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक लिए राखियों से सजेंगी इस बार भाइयों की कलाई

**न्यायसाक्षी / रायगढ़**

भाई.बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन इस बार खास होने जा रहा है क्योंकि बिहान की दीदियों की बनाई राखियों से भाइयों की कलाइयां सजेंगी। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ;बिहानद्ध के अंतर्गत गठित स्व.सहायता समूह की महिलाएं बांसए उनए चांवलए मोतियों और स्थानीय सजावटी वस्तुओं से बेहद आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कला की छाप लिए बन रही यह राखियां भाई बहनों की बीच अपनेपन की खास निशानी बनने जा रही हैं।

राखियों को बनाने के लिए समूहों ने राशि अपने पास उपलब्ध कार्पस फण्ड से जुटाए हैं और सामग्री स्थानीय बाजारों से एकत्रित कर उसे लेकर अपनी रचनात्मकता और मेहनत से मनमोहक डिजाइन और स्वरूप वाली राखियां तैयार किए जा रहे हैं। इन राखियों की



लागत कम होने से इनकी कीमत भी बेहद कम है और सबसे खास बात इसमें अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की विशेष पहल पर समूह की दीदीयों ने रक्षाबंधन पर राखी बनाने की शुरुआत की। राखियां बनाने के लिये महिलाओं ने कोई प्रशिक्षण नही लिया हैए बल्कि यूट्यूब में वीडिओज देख कर इसे बनाना सीखा है। इन राखियों का विक्रय ग्राम स्तर पर करने के साथ ही जिला और जनपद पंचायत में स्टाल भी लगाया जाएगा।

इसके पूर्व भी होली में महिला स्व.सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बनाकर विक्रय किया गया था। जिससे उन्हें अच्छा लाभ हुआ था।

राखियों को तैयार करने वाले स्व.सहायता समूह की बात करें तो उनमें जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम पंचायत छेवारीपाली ;धोबनीपालीद्ध के अन्नपूर्णा महिला स्व.सहायता समूहए जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम.अमलडीहा के चन्द्रमा एवं भारतीयए परसकोल के चन्दाए दुर्गापाली के सागर महिलाए भड़ीसार ;भकुराद्धके सागर महिला एवं ओम साईए टांडीपार के जय मां कालीए दहिदा के सहयोग हिमालयए उधरा के गंगा महिला एवं सालर के मां बिंदेश्वरीए जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम.चपले के ज्योतिए गिधा के शक्तिए बरगढ़ के नारायणीए तेलीकोट के ज्योतिए जनपद पंचायत घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम.नवापारा के सरस्वती एवं छडोरिया के परिवारए जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम.नवापारा के उन्नति तथा बोजिया के रानी स्व.सहायता समूह शामिल है।

## अवैध शराब के विरूद्ध रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही



**रायगढ़ ।** थाना प्रभारी सरिया प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी एवं हमराह स्टाफ द्वारा देर शाम मुखबीर सूचना पर ग्राम साकरा के जंगल भीतर बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाने के लिए रखी हुई महुआ पास करीब 100 बोरी एवं शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तनों को मौके पर नष्ट किया गया । पुलिस पार्टी द्वारा जंगल में आसपास सर्च किया गया कोई व्यक्ति नहीं मिला । इसके पूर्व भी सरियाए सारंगढ़ डोंगरीपाली बरमकेला पुलिस द्वारा इसी प्रकार अवैध शराब भट्टी पर कार्यवाही की गई है तथा क्षेत्र में लगातार अवैध महुआ शराब की बिक्री परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480